जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965

संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी

सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-21 जयपुर, सोमवार, 5 जून, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

मुख्यमंत्री का पाली दौरा

राज्य सरकार की योजनाओं से हर क्षेत्र में अग्रणी राजस्थान, सावित्री बाई फुले की पंच धातु से निर्मित प्रतिमा का अनावरण

पाली (हमारा वतन)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से राजस्थान हर क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरा है। आमजन को महंगाई राहत शिविरों द्वारा महंगाई से राहत दी जा रही है। 5 जून को इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के लाभार्थियों के खातो में डीबीटी के माध्यम से सिलेंडर पर सब्सिडी की राशि हस्तांतरित की जाएगी। बेरोजगारी से राहत देने के लिए सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए 100 मेगा जॉब फेयर आयोजित किए जा रहे हैं।

गहलोत पाली के रोहट में लगभग 56 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों एवं कृषि उपज मंडी समिति, पाली में सावित्री बाई फुले की पंच धातु से निर्मित प्रतिमा के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पानी की समस्या के निराकरण के लिए परियोजना लाई गई है। दिल्ली-मुम्बई फ्रेट एवं औद्योगिक कॉरिडोर से क्षेत्र को जोड़कर आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इससे पाली एवं रोहट को औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित कर यहां से आयात-निर्यात को बढ़ावा दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पाली के संभाग बनने से यहां नई प्रशासनिक इकाइयां एवं कार्यालय खुलेंगे, जिससे आमजन को सुगमता होगी तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस दौरान ओडिशा रेल हादसे के मृतकों को श्रद्धांजली देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

राज्य में हर वर्ग के लिए योजनाएं संचालित

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में आमजन के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य में 303 नए कॉलेज खोले गए हैं जिनमें 130 गर्ल्स कॉलेज शामिल हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में अप्रत्याशित निवेश हुआ है। कर्मचारियों के लिए ओपीएस एवं आरजीएचएस जैसी योजनाएं लाई गई हैं। 1 लाख कि.मी. नई सड़कें बनाकर राज्य में सड़क तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। महिलाओं को चरणबद्ध रूप से 3 साल के इंटरनेट डेटायुक्त स्मार्टफोन निःशुल्क दिये जाएंगे।

पहले चरण में 40 लाख महिलाओं को डेटायुक्त निःशुल्क स्मार्टफोन दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए उन्हें आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही, हर जिले में महिला सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नियुक्त किया गया है। थानों में अनिवार्य एफआईआर की नीति लागू की गई है।

इससे कोर्ट के आदेश से दर्ज होने वाली एफआईआर की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 11.04 की आर्थिक विकास दर के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर है। आई.टी. में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है।

इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना लाभार्थी उत्सव आज

चित्तौड़गढ़ (हमारा वतन)। इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का लाभार्थी उत्सव आज 5 जून को आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन के संबंध में शनिवार को मुख्य सचिव उषा शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर साउंड वीडियो कनेक्टिविटी सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थी उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सिविल सोसायटी तथा गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों को बुलाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल, जिला रसद अधिकारी सुनील कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

यूईएम यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा व प्लेसमेंट के क्षेत्र में लहराया परचम

जयपुर (हमारा वतन)। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित देश के 200 सलाहकार कॉलेजों में से एक है। यूईएम, जयपुर को शिक्षा मंत्रालय, सरकार द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत 2023 में उत्तर भारत में शीर्ष स्थान (प्रथम) में स्थान दिया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सरकार की एनपीटीईएल परीक्षा पहल द्वारा लगातार छह सत्रों के लिए राजस्थान का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय है। यूईएम जयपुर में प्लेसमेंट तब तक जारी रहता है, जब तक कि अंतिम इच्छुक छात्र का प्लेसमेंट नहीं हो जाता। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर 2023 पासिंग आउट बैच के छात्रों को शानदार जॉब ऑफर मिले हैं। वर्ष 2022 में 1 स्टूडेंट को मिले थे 7 जॉब ऑफर, 2 स्टूडेंट्स को मिले थे 6 जॉब ऑफर, 6 छात्रों को 5 जॉब ऑफर मिले, 12 छात्रों को 4 जॉब ऑफर मिले, 28 छात्रों को 3 जॉब ऑफर मिले, 80 प्रतिशत छात्रों को 2 जॉब ऑफर मिले अन्य सभी छात्रों को कम से कम 1 नौकरी का प्रस्ताव मिला। यूईएम जयपुर में उच्चतम वेतन प्रस्तावः प्रति वर्ष 72 लाख रुपये रहा और औसत वेतन प्रस्तावः प्रति वर्ष 6 लाख रुपये रहा। यूईएम जयपुर में 2023-2024 के लिए प्रवेश खुले हैं 7 जिसका प्रवेश लिंकः http://bit.ly/xGBh{vk है। साथ ही यूईएम यूनिवर्सिटी में चलाएं जाने वाले पाठ्यक्रम में बी.टेक, एम.टेक, बीबीए, एमबीए, एमबीए कार्यकारी, बीसीए, एमसीए, बीपीटी, एमपीटी, पीएचडी आदि हैं। यूईएम जयपुर AIU, UGC, AICTE, NAAC स्वीकृत और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय हैं। कोर्स, प्रवेश और अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के फ़ोन नंबरः 9887313330/9887413330/9887806930/7980060799 वेबसाइटः www.uem.edu.in, ईमेल-admissions@uem.edu.in पर संपर्क कर सकते है।

पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी फिर हुई सत्य साबित



जयपुर (हमारा वतन)। अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी फिर सत्य साबित हुई है । आचार्य ने बताया कि जयपुर खातीपुरा वैशाली नगर में सूरज शर्मा के घर 1 साल पहले बताया था कि आपके दोनों पुत्र सरकारी नौकरी लगेंगे। दोनों को पूजा बताई कि आप निरंतर हनुमान चालीसा के पाठ करें और सूर्य को जल चढ़ाएं शीघ्र आपकी मनोकामना पूर्ण होगी। भविष्यवाणी के मुताबिक प्रवेंद्र शर्मा की बैंक में सरकारी नौकरी लग गई। दूसरा पुत्र रवि शर्मा स्टेशन मास्टर रेलवे विभाग में लग गया । सूरज शर्मा ने बताया कि पंडित रविंद्र आचार्य ने दोनों पुत्रों को 1 साल पहले ही बता दिया था कि आपकी सरकारी नौकरी के योग है । आचार्य ने बताया कि कर्म प्रधान है ज्योतिष एक गाइडेंस है । आचार्य की भविष्यवाणी सत्य साबित होने पर आज सूरज शर्मा ने अपने निवास स्थान पर बुलाकर आचार्य को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर सम्मान किया । इस दौरान पंडित हरिओम शर्मा, गया प्रसाद शर्मा, यतेंद्र शर्मा, मोनू शर्मा, हेमंत शर्मा, सुमित शर्मा, राकेश शर्मा, विमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर
क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी
निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9636247286, 9928747286
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज का 24 घंटे चलने वाला मेगा इवेंट 11 जून को

जयपुर (हमारा वतन)। सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज का 24 घंटे चलने वाला मेगा इवेंट आगामी 11 जून को राजधानी जयपुर के सीकर रोड, बड पीपली, सनसिटी स्थित कार्यालय में आयोजित होगा ।

सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज के डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सेवानी एवं दिशा क्लासेस की डायरेक्टर दिशा सेवानी ने भविष्य में होने वाले अपने 24 घंटे सेवाएं देने वाले व्यवसाय से संबंधित सेगमेंट्स के बारे में बताया कि हमारी कंपनी द्वारा ग्राहकों को 24 घन्टे सेवाएँ दी जाएगी जिसमे मेडिकल, एफएमजीसी, रियल स्टेट, फाइनेंस, ग्रोसरी, इवेंट, एजुकेशन सहित सभी सेवाएँ प्रदान की जाएगी वो भी एक एप्लीकेशन से । इसी को लेकर आगामी 11 जून को 24 घंटे मेगा इवेंट चलेगा।

ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन एवं श्री साई राम टेऊ राम अमरापुर दरबार के संतो द्वारा इवेंट का शुभारंभ होगा । सर्वप्रथम अमृत वेला मेडिटेशन योगा एक्सरसाइज का कार्यक्रम होगा। इसके बाद मैराथन, साइक्लिंग, आउटडोर गेम्स क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी अन्य प्रतियोगिताएं की जाएंगी । विजेताओं को सेवानी ग्रुप ऑफ कंपनी द्वारा उपहार दिए जाएंगे।

इसके बाद छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्गों से संबंधित कार्यक्रम होंगे। बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा । आपके घर खर्चे में अच्छी सुविधाओं के साथ आपका कीमती समय एवं आपकी अपनी मेहनत से महाबचत करवाने के लिए सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इसमें बहुत से व्यापारियों का स्नेह मिलन होगा जिसमें सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज द्वारा सभी व्यापारियों को कंपनी द्वारा अधिकतम मुनाफा दिलाया जाएगा। दोपहर में बच्चों का जनरल नॉलेज क्विज, डांस, सिंगिंग ,एक्टिंग ,कॉमेडी को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। सभी विजेता बच्चों को जजेस के रिजल्ट से दिशा क्लासेज की ओर से उपहार मिलेंगे।

शाम को राजस्थानी एवं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम के अंतर्गत चौपाल, नृत्य नाटिका ,डांस, डांडिया,कॉमेडी शो, घूमर, रैंप शो सहित एनी गतिविधियां प्रदर्शित करने का शुभ अवसर मिलेगा। सभी विजेताओं को सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज द्वारा उपहार दिया जायेगा ।

रात में धार्मिक कार्यों के अंतर्गत अच्छा श्याम दरबार की झांकियां सजाई जाएगी तथा प्रसिद्ध गायक कलाकारों एवं नृत्य मंडली द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे । गौरतलब है कि सुविधाओं को देखते हुए कार्यक्रम में एंट्री पास लाना अनिवार्य होगा ।

विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को भाजपा किट देकर किया सम्मानित

जयपुर (हमारा वतन)। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा चलाए जा रहे मेरा बूथ मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत चौमूँ शहर में विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। मेरा बूथ मेरा सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के बूथ संख्या 180, 204, 202, 176, 194 पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दोरान विधायक शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस मौक़े पर विधायक रामलाल शर्मा ने बूथ अध्यक्ष, बूथ एजेंट और रिलीवर को भाजपा की देकर सम्मानित किया।

विधायक रामलाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार की विफलताओं और जनसमस्याओं को लेकर 20 जून को आयोजित होने वाली जन आक्रोश सभा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आह्वान किया।

इस दौरान नगर मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, ज़िला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दूसाद, पार्षद गजेंद्र यादव, किशोर गंगवाल, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र बंजारा, मुकेश जोशी, बलदेव टांक, संदीप कुमावत, अखिल पारासर, राजेश कुमावत, बाबूलाल कुमावत, चेतन सेनी, माँगीलाल कुमावत आदि लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी -अब राज्य कर्मचारियों को मिल सकेगा वेतन का अग्रिम भुगतान

अर्न्ड सैलेरी एडवांस
ड्रॉअल एक्सेस स्कीम

जयपुर (हमारा वतन)। प्रदेश के राजकीय कार्मिक अब आकस्मिक आवश्यकता पर अपने वेतन का अग्रिम भुगतान ले सकेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'अर्न्ड सैलेरी एडवांस ड्रॉअल एक्सेस स्कीम' को स्वीकृति दी है। 1 जून, 2023 से राज्य सरकार के सभी कार्मिकों के लिए उपलब्ध इस स्कीम की कार्यवाही राजस्थान फाइनेंशियल सर्विस डिलेवरी लिमिटेड द्वारा की जाएगी। इससे कार्मिकों को माह के अंत से पहले ही आनुपातिक रूप से वेतन का अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा। कार्मिक को किए अग्रिम भुगतान की कटौती अगले माह के वेतन में से समायोजित की जाएगी। गहलोत के इस निर्णय से राज्य कर्मचारी-अधिकारियों को जरूरत के समय आर्थिक संबल मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

कांग्रेस नेत्री रूक्ष्मणी कुमारी ने डोला का बास महंगाई राहत शिवर में पहुंचकर जनता को दी योजनाओं की जानकारी

जयपुर (हमारा वतन)। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की सदस्य रूक्ष्मणी कुमारी ने राजस्थान सरकार द्वारा डोला का बास में चल रहे महंगाई राहत कैम्प में पहुंचकर ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी ।

इस दौरान चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, 500 रू. घरेलू गैस सिलेंडर योजना, पशुधन बीमा योजना, 100 यूनिट घरेलू फ्री, 2000 यूनिट कृषि बिजली फ्री योजना, वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी दी । साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों को गारंटी कार्ड भेंट किए। इस अवसर पर सरपंच सुल्तान बुनकर, रवींद्र मीणा, कमलेश मीणा, रामनिवास गागर, सुशील यादव, शंकर जाट आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी को जन्मदिन की बधाई देने उमड़ा अपार जन सैलाब

में पधारें सभी आगन्तुकों का

चौमूं (हमारा वतन)। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपने जन्मदिन की शुरुआत भगवान गढ़ गणेश जी महाराज की सपरिवार दर्शन कर एवं पूजा-पाठ की। पूर्व विधायक सैनी ने रिद्धि सिद्धि के दाता से विधानसभा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

तत्पश्चात वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ की सपत्नी संग पूजा-अर्चना की। सैनी ने भगवान भोलेनाथ से मातृशक्ति के सम्मान को सदैव बनाए रखने के लिए प्रार्थना की।

पूर्व विधायक सैनी ने गढ़ गौशाला में गाय माता की पूजा-अर्चना कर हरा चारा एवं गुड़ खिलाया।

राज विलास गार्डन में पूर्व विधायक सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष पर नव मतदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व विधायक सैनी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। नव मतदाता सम्मान समारोह में पूर्व विधायक सैनी व चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने नव मतदाताओं को माला पहनाकर एवं शाल ओढाकर सम्मान किया।

नव मतदाता सम्मान समारोह में 4,000 से अधिक नव मतदाताओं का सम्मान किया गया और साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व विधायक के जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में रक्तदान वीरों को पूर्व विधायक सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। पूर्व विधायक ने कहा की रक्तदान कर हम पुण्य कमा सकते हैं। रक्तदान से हम किसी ना किसी की जान बचा सकते हैं।

स्वस्थ मनुष्य को एक वर्ष में दो बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में 573 यूनिट एकत्रित हुई। विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक सैनी को जन्मदिवस की बधाई व उपहार दिया।

इस मौके पर पार्षदों, सरपंचों, दी बार एसोसिएशन चौमूं, टू व्हीलर वर्कर यूनियन, स्टेप यूनियन, ओपीएस यूनियन, श्री श्याम मनुहार सेवा समिति जयपुर, एमजेएफ सेवा समिति, भवन निर्माण सैनी समाज समिति व अन्य संस्थाओं द्वारा पूर्व विधायक सैनी के जन्मदिवस पर 51 व 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। पूर्व विधायक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

चतुर्थ सामूहिक शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक व महाआरती 23 जुलाई को

जयपुर (हमारा वतन)। विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में स्टेशन रोड स्थित श्याम मंदिर में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई ।

बैठक में प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया की श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी रविवार 23 जुलाई 23 को कागलिया वाले बालाजी मंदिर मोरीजा रोड चौमूं पर चतुर्थ सामूहिक शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक व महाआरती आयोजन के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया । कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी ।

इस दौरान बनवारी लाल शर्मा, डॉ. राम प्रकाश शर्मा, हरिओम शर्मा, इंद्र कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, बनवारी लाल भातरा, अनुराग शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, नारायण लाल शर्मा, रामलाल शेरावत, पं. राम स्वरुप शर्मा, पं. छोटी लाल शर्मा, डॉ. सीताराम कुमावत, अभिषेक शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

दक्ष आई हॉस्पिटल एंड फैको सर्जरी सेंटर ने कम समय में बनाई ख़ास पहचान

DAKSH EYE HOSPITAL

चौमूं (हमारा वतन)। चौमूं शहर के एनएच 52, सामोद पुलिया के पास स्थित दक्ष आई हॉस्पिटल एंड फैको सर्जरी सेंटर में आंखों का बेहतर इलाज मिल रहा है । हॉस्पिटल ने बहुत कम समय में क्षेत्र में ख़ास पहचान बनाई है । हॉस्पिटल डायरेक्टर धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि हमारे यहां अनुभवी डॉक्टर्स की टीम द्वारा 24 घंटे आंखों की सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जा रहा है । यहां पर मोतियाबिंद, काला पानी, रेटीना, नाखूना, भेंगापन, रिफ्रेक्नसन, ROP, OCT, पेरीमेट्री, याग लेजर और पर्दे की बीमारी का इलाज किया जा रहा है । हॉस्पिटल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन विशेष रियायती दरों पर किया जा रहा है, क्योंकि हर आंख अद्वितीय है इनका इलाज भी अद्वितीय ही होना चाहिए ।

जॉब्स

1. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद जूनियर इंटेलिजेंस ऑफीसर ग्रेड सेकंड और एमटीएस, पद संख्या 797, अंतिम तिथि 23 जून 2023
2. झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद एक्साइज कांस्टेबल, पद संख्या 583, अंतिम तिथि 30 जून 2023
3. दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, पद जेएसए, एएसओ, पटवारी, नायब तहसीलदार व अन्य, पद संख्या 687, अंतिम तिथि 2 जुलाई 2023
4. चंडीगढ़ पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, पद संख्या 700, अंतिम तिथि 22 जून 2023
5. आईबीपीएस, पद ऑफिस असिस्टेंट, बैंकिंग ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 8611, अंतिम तिथि 21 जून 2023
6. भारतीय डाक विभाग, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 12828, अंतिम तिथि 11 जून 2023
7. सशस्त्र सीमा बल, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, हेड कांस्टेबल, एएसआई, स्टेनो व अन्य, पद संख्या 1638, अंतिम तिथि 18 जून 2023
8. भारतीय नौसेना, पद एसएसआर, एमआर, पद संख्या 1465, अंतिम तिथि 15 जून 2023

मैं जितनी शिद्दत से अजमेर शरीफ जाऊंगी उतनी निष्ठा से गुरुद्वारा..., सारा अली खान का बड़ा बयान



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, इंदौर में अपनी फिल्म जरा हटके जरा बचके का प्रमोशन करने से पहले सारा अली खान भोलेनाथ का आर्शीवाद लेने उज्जैन पहुंची थीं। उन्होंने भगवान महाकाल मंदिर के दर्शन किए और भस्म आरती में शामिल हुईं। लेकिन, इसके बावजूद उन्हें ट्रोल किया गया। दरअसल, अन्य धर्म से आने की वजह से लोग उन्हें दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में जाने पर ट्रोल कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री ने इन ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है।

पढ़िए क्या बोलीं सारा-इंदौर में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सारा ने कहा, मैं अपने काम को बहुत गंभीरता से लेती हूं। मैं लोगों के लिए काम करती हूं। आपके लिए काम करती हूं। मुझे बुरा लगेगा अगर आपको मेरा काम पसंद नहीं आएगा। लेकिन, ये मेरी निजी मान्यताएं मेरी अपनी हैं। मैं जितनी शिद्दत से अजमेर शरीफ जाऊंगी उतनी ही शिद्दत से मैं गुरुद्वारा बंगला साहिब या महाकालेश्वर मंदिर भी जाऊंगी। मैं इन सभी धार्मिक स्थलों पर जाती रहूंगी। जिन लोगों को (सोशल मीडिया पर) मुझे ट्रोल करना है, वे कर सकते हैं। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है।

कब आएगी सारा अली खान की फिल्म-सारा अली खान की फिल्म जरा हटके, जरा बचके दो जून के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इसमें सारा अली खान के साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। बता दें, इस फिल्म की शूटिंग इंदौर में हुई है।

क्या मलाइका अरोड़ा ने छिपाई असली उम्र? अरबाज खान और एक्ट्रेस का पुराना इंटरव्यू वायरल

मलाइका अरोड़ा कमाल की फिटनेस की मालिकन हैं। उन्हें देखकर उम्र का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। सभी उनकी टोन्ड फिगर के कायल हैं। खुद को फिट रखने के लिए मलाइका योग का सहारा लेती हैं। अरबाज खान से अलग होने के बाद से मलाइका, अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। अर्जुन उम्र में उनसे 12 साल छोटे हैं। उम्र के फासले को लेकर मलाइका को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। वहीं अर्जुन हमेशा उनका सपोर्ट करते दिखते हैं। इस बीच अब मलाइका का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है।

साजिद ने कसा तंज-साजिद खान के शो में मलाइका और अरबाज इंटरव्यू के लिए पहुंचे थे। साजिद उम्र को लेकर मलाइका पर तंज कसते हैं कि वह अरबाज से 2 साल बड़ी हैं तो उन्हें कैसा लगता है। जब साजिद यह सवाल करते हैं तो मलाइका बहुत कूल अंदाज में रहती हैं और जवाब देती हैं उन्हें अच्छा लगता है।

यूजर्स हुए कन्फ्यूज-वीडियो वायरल होने के बाद कई यूजर्स ने लिखना शुरू किया कि विकीपीडिया के मुताबिक, अरबाज की उम्र 55 साल है। अगर इंटरव्यू के लिहाज से देखें तो मलाइका की उम्र 57 साल हुई। जबकि विकीपीडिया में मलाइका की उम्र 49 साल है। इस तरह एक्ट्रेस की उम्र में 8 साल का फर्क दिखता है। फैन्स उनका इंटरव्यू देखकर कन्फ्यूज हो गए हैं। अब सच क्या है यह तो खुद मलाइका ही बता सकती हैं।

'बिल्कुल ही शर्मनाक है', पहलवानों को लेकर सरकार पर बरसीं स्वरा भास्कर

भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृज भूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों का स्वरा भास्कर लगातार समर्थन करती आ रही हैं। पहलवानों की मांग है कि बृज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाए। मंगलवार को साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने बयान जारी कर कहा कि मेडल को गंगा में बहाने के लिए हरिद्वार जा रहे हैं। किसान नेता नरेश टिकैत ने वहां पहुंचकर पहलवानों को रोक लिया। सुबह से इस मामले में काफी उठा पटक जारी है। अब स्वरा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि जांच एजेंसियां बृजभूषण शरण सिंह को बचा रही हैं।

ट्वीट में क्या लिखा-एएनआई ने एक ट्वीट किया कि पहलवानों ने कहा है कि वे अपने मेडल गंगा में बहाने के लिए हरिद्वार जा रहे हैं। इस ट्वीट पर स्वरा ने लिखा, जिस हद तक हमारी सरकार है उससे हैरान हूं। रेप के आरोपी को एजेंसियां बचाने जा रही हैं। यह बिल्कुल ही शर्मनाक है।

क्या है आरोप-बता दें कि करीब एक महीने से विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया सहित अन्य पहलवान बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे। रविवार को दिल्ली पुलिस के साथ पहलवानों की झड़प हुई थी। बृज भूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप है। इनमें एक नाबालिग महिला पहलवान भी शामिल है।

बाउल मूवमेंट को दुरुस्त रखने के लिए एक्सपर्ट के बताए ये टिप्स जान लें

समग्र पाचन स्वास्थ्य के लिए नियमित और स्वस्थ मल त्याग करना महत्वपूर्ण है। स्वस्थ मल त्याग को बढ़ावा देने के लिए आज हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे है।मल त्याग पाचन प्रक्रिया का एक स्वाभाविक हिस्सा है। वे आपके शरीर से बेकार और विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में मदद करते हैं। नियमित मल त्याग कब्ज को रोकता है, जिससे बेचैनी, सूजन और पाचन संबंधी अन्य समस्याएं हो सकती हैं।जब भोजन पच जाता है, पोषक तत्व शरीर में अवशोषित हो जाते हैं, और शेष खराब पदार्थ को समाप्त करने की आवश्यकता होती है। बाउल मूवमेंट इस कचरे को प्रभावी ढंग से हटाने को सुनिश्चित करता है, जिससे कोलन में हानिकारक पदार्थों के निर्माण को रोका जा सकता है। मल त्याग डिट्क्सीफिकेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे शरीर से हानिकारक बैक्टीरिया और चयापचय उत्पाद जैसे विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। नियमित मल त्याग आपके अंगों और प्रणालियों के समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। बाउल मूवमेंट को अच्छा करने के लिए कुछ टिप्स बता रही है डायटिशियन और वेटलॉस एक्सपर्ट शिखा कुमारी। शिखा कुमारी बताती है कि समग्र पाचन स्वास्थ्य के लिए नियमित और स्वस्थ मल त्याग करना महत्वपूर्ण है।

बाउल मूवमेंट को बेहतर करने के लिए कुछ टिप्स

हाइड्रेटेड रहें-दिन भर खूब सारे तरल पदार्थ, खासकर पानी पीएं। एक अच्छी तरह से हाइड्रेटेड शरीर मल को नरम कर सकता है और उन्हें पास करना आसान बना सकता है। अपने आहार में भरपूर मात्रा में फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें, जैसे कि फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां और नट्स। फाइबर मल में बल्क जोड़ता है, नियमित मल त्याग को बढ़ावा देता है, और कब्ज को रोकने में मदद करता है।

नियमित व्यायाम करें-नियमित शारीरिक गतिविधि में शामिल होने से आपकी आंतों के प्राकृतिक संकुचन को बढ़ावा मिल सकता है और बाउल नियमितता को बढ़ावा मिल सकता है। सप्ताह के अधिकांश दिनों में कम से कम 30 मिनट का मध्यम व्यायाम करने का लक्ष्य रखें।

मल त्याग को नज़रअंदाज़ न करें-जब आपको मल त्याग करने की इच्छा महसूस हो, तो इसे करें क्योंकि अगर आप मल त्याग नहीं करेंगे या अनदेखी करने से कब्ज हो सकता है और बाद में मल त्याग करना कठिन हो सकता है।

तनाव प्रबंधन का अभ्यास करें-तनाव और चिंता पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं और अनियमित मल त्याग में योगदान कर सकते हैं। तनाव को प्रबंधित करने के स्वस्थ तरीके खोजें, जैसे व्यायाम, गहरी साँस लेना, ध्यान करना या अपने मन की चीजें करना शामिल करें।

अपनी सांस रोकने से बचें-अपनी सांस रोककर और मल त्याग करने की कोशिश करते समय तनाव मलाशय पर अनावश्यक दबाव डाल सकता है और निष्कासन को और अधिक कठिन बना सकता है। इसके बजाय, रेस्टरूम का उपयोग करते समय आराम करें और स्वाभाविक रूप से सांस लें।

स्वस्थ वजन बनाए रखें-अतिरिक्त वजन, विशेष रूप से पेट के आसपास की चर्बी, आंतों पर दबाव डाल सकती है और कब्ज में योगदान दे सकता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ वजन बनाए रखें।

तेलीय खाद्य पदार्थ और शराब सीमित करें-ऑयली खाद्य पदार्थ, विशेष रूप से वसा में उच्च और फाइबर में कम, कब्ज में योगदान कर सकते हैं। इसी तरह, अत्यधिक शराब का सेवन शरीर को डिहाइड्रेट कर सकता है ।

क्या आप भी रात को दांत से परेशान रहती हैं,तो एक्सपर्ट से जानें इससे निजात पाने के कुछ प्रभावी टिप्स

यदि आपके दांतों में दर्द की समस्या बनी हुई है, तो इससे निपटने के लिए दंत चिकित्सक कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिसे फॉलो कर दांत के दर्द को सही किया जा सकता है। और नींद में भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आएगी। रात के वक्त हर व्यक्ति आराम की नींद सोना चाहता है, जिससे दिन भर की थकावट सुबह तक समाप्त हो सके। ऐसे में दांत का दर्द रात की नींद उड़ाने में आपके लिए चुनौती बन सकता है। अगर यह दर्द लगातार हो रहा है तो आपको किसी अच्छे दंत चिकित्सक के पास परामर्श के लिए जरूरी जाना चाहिए। नहीं तो दांत के दर्द की समस्या बढ़ने से खाना-पीना हराम कर सकता है। आज इसी लेख के माध्यम से आपको कुछ टिप्स दी जा रही हैं, जो आपके रात में दांत के दर्द को कम करने में सहायक साबित हो सकती हैं।

दांत का दर्द होने का क्या है कारण-दांत या मसूडों में ज़रा सी भी प्रॉब्लम आपके दांत के दर्द का अहम कारण बन सकती है। यह दर्द कई प्रकार के हो सकते हैं। आपके शरीर के अन्य बॉडी पार्ट्स में हो रहे दर्द के कारण भी दांत का दर्द शुरू हो सकता है।

चलिए जानते हैं दांत के कुछ सामान्य कारण, जो दे सकते हैं दांतों को दर्द-

संक्रमण या दंत फोड़ा-दंत फोड़ा या संक्रमण की समस्या दांतों में अक्सर दर्द होता है। इस मवाद भी भर जाती जो दांत के लिए समस्या का कारण बन सकती है। दांत में फंसे कार्बनिक और अकार्बनिक मलबे में दांतो को संक्रमित करने या दांत के बीच जगह में दबाव बनाने की क्षमता होती है। यह हमारे दांत में दर्द की समस्या पैदा कर सकता है।

अक्ल दाढ का दर्द-दांतों के लगातार रगड़ने से आपके दांतों में दर्द शुरू हो सकता है। यह व्यक्ति में तभी शुरू होता है, जब हमारे मसूड़ों से अक्ल दाढ़ के निकलते वक्त मसूड़े फट गई हों, जिसके बाद पूरे मुंह में तेज़ दर्द होता है।

कान के पास दर्द होने से-टीएमजे यानि टेंपोरोमंडीबुलर ज्वाइंट्स डिसआर्डर होने से जबड़ों में दर्द शुरू हो सकता है। जिसका असर हमारे दांत पर भी पड़ता है। अक्सर यह दर्द कान के पास दर्द होने से भी शुरू होता है।

मसूड़े की समस्या-पेरियोडोंटल बीमारी और मसूड़े में दर्द की समस्या होने पर मसूड़ों में सूजन आ जाती है, जो हमारे दांतों में दर्द का कारण बनती है। यह हमारे दांतों में दर्द देती है जो असहनीय होता है।

दांत रगड़ने से-किसी-किसी व्यक्ति के दांत सोते वक्त रगड़ते हैं, या पीसने से दर्द शुरू होता है। इसके साथ सोते समय दांत भींच जाते हैं जो हमारे दांत में दर्द की समस्या देते हैं। दांत में दर्द शुरू होने का यह भी एक कारण है।

वलापट्टनम नदी के किनारे अनोखा मंदिर, जहां भगवान को भोग में चढ़ती है चाय और मूंग की चाट

मुथप्पन मंदिर में हर साल सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं और यहां श्रद्धालुओं को रहने के लिए मुफ्त व्यवस्था उपलब्ध है।

भारत भूमि कई रहस्यों व विचित्र परंपराओं से भरी हुई है। यहां हर राज्य में ऐसे परंपरा, प्रथाएं और विचित्र व रहस्यमयी मंदिर मिल जाएंगे, जो लोगों को हैरान कर देते हैं। भारत में अनोखे रीति रिवाज व रहस्य से भरे हुए कई मंदिरों के बारे में आपने सुना होगा। ऐसे ही एक अनोखे मंदिर के बारे में हम यहां आपको बता रहे हैं, जो केरल में कन्नौर शहर के पास स्थित है। यहां वलापट्टनम नदी के किनारे पर स्थित मुथप्पन मंदिर में भगवान को चाय और मूंग की चाट भोग में चढ़ाई जाती है।

निराली परंपरा ने मंदिर को किया मशहूर

मुथप्पन मंदिर अपनी भव्यता के साथ-साथ निराली परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के अनुष्ठान कई मायनों में अद्वितीय हैं। दक्षिण भारत के अधिकांश मंदिर में सिर्फ सात्विक ब्राह्मणों को ही मंदिर में प्रवेश करने दिया जाता है, जबकि मुथप्पन मंदिर में ऐसी बाध्यता नहीं है। इस मंदिर में पारंपरिक रूप से भगवान को चाय, मूंग की चाट के साथ-साथ मछली, मांस और ताड़ी भी चढ़ाई जाती है। मुथप्पन थिरुप्पन महोत्सवम मंदिर का प्रमुख त्योहार है, जो हर साल में तीन दिन के लिए मनाया जाता है।

विष्णु व शिव के अवतार है भगवान मुथप्पन

स्थानीय धार्मिक मान्यता के अनुसार मुथप्पन मंदिर में विराजित मुथप्पन देवता को भगवान विष्णु और शिव का अवतार माना जाता है। हर दिन मंदिर परिसर में सैंकड़ों लीटर दूध की चाय बनाई जाती है और भक्तों को फ्री में चाय पिलाई जाती है।

बेहतरीन पोस्ट वर्कआउट मील है स्मूदी, वेट लॉस के लिए डाइट में शामिल करें ये हेल्दी स्मूदी रेसिपीज

वजन कम करने के लिए हम कई तरह की चीजों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, लेकिन आज हम आपको स्मूदी की कुछ ऐसी रेसिपीज बताने जा रहे हैं, जो न केवल टेस्टी हैं, बल्कि इन्हें बनाना भी बहुत आसान है।स्मूदी एक बहुत ही आसान और जल्दी से बनने वाली रेसिपी है। इसे बनाना जितना आसान है उससे ज्यादा ये स्वादिष्ट होती हैं। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो स्मूदी आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकती है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

मानव जीवन के लिए खतरा नहीं एआई

राम गोपाल सैनी

पिछले दिनों चैटजीपीटी के जनक सैम आल्टमैन ने कहा कि टेक कंपनियां जिस तरह एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के प्रयोग को तेजी से बढ़ावा दे रही हैं उससे दुनिया खतरे में पड़ सकती है। इसलिए सरकारों को इस पर नकेल कसनी होगी। यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं कि आज एआइ की हर तरफ चर्चा हो रही है, लेकिन इसके बारे में लोगों की समझ काफी कम है। उन्हें लग रहा है कि भविष्य का संसार एआइ ही चलाएगी।इस धारणा की पुष्टि में विशेष प्रकार के साहित्य, फिल्मों और इंटरनेट मीडिया की भूमिका है। जैसे-रोबोट का राज आ जाएगा। कंप्यूटर सब नौकरी खा जाएंगे। कुछ लोग मिलकर सब चीजों को नियंत्रित कर लेंगे। आदि-इत्यादि। बहुत लोग यह भी मानते हैं कि एआइ के चलते सरकारों की अपने नागरिकों पर निगरानी बहुत बढ़ जाएगी या उससे भी बदतर हम बड़ी कंपनियों के दास बनते जाएंगे। हालांकि, ये सभी धारणाएं पूर्णतया झूठी नहीं है, किंतु क्या सच में स्थिति इतनी डरावनी है या इस इंडस्ट्री से जुड़े कुछ लोग इसे इतना भयावह दिखा रहे हैं? जैसा होता है कि नई खोज के साथ उससे जुड़े लोग और कंपनियां उसके प्रभाव को कुछ बढ़ा-चढ़ाकर ही बताती हैं। यह उनके हितों के संदर्भ में स्वाभाविक भी है। यह सच है कि आज के युग में एल्गोरिदम आधारित एआइ युक्त मशीनें जैसे चैटजीपीटी काफी हद तक हमारे लिए निर्णय ले रहे हैं। हम टीवी पर क्या देखते हैं? दुकान से क्या खरीदते हैं? या कैसा संगीत सुनते हैं? हमारी आदतों को समझकर इनसे जुड़े तमाम निर्णय अक्सर एल्गोरिदम आधारित तकनीक ले रही हैं। ये एल्गोरिदम हमारे जीवन को धीरे-धीरे बदल रहे हैं, लेकिन उसे पूरी तरह समझ पाना अभी संभव नहीं है। संभव है कि इनका प्रचलन बढ़ने के साथ-साथ हमारी जागरूकता बढ़ेगी। तब ही तय होगा कि एआइ नए युग का काला जादू है या एक ऐसी तकनीक है जिसे अंततः हम मनुष्य ही हांकेंगे।एआइ केवल तर्क पर काम कर सकती है, पर हम मनुष्य कहीं अधिक सूक्ष्म और जटिल जीव हैं। हम तर्कसंगत भी हैं और जानबूझकर अतार्किक भी। हमारे अंदर सुर भी हैं और असुर भी। मानव विशेषताओं की कई परते हैं जैसे-अंतरअंजान, भावना, शरारत, पूर्वाग्रह और हठधर्मिता इत्यादि।

मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कॉन्स्टेबल राज्य सेवा से बर्खास्त

चित्तौड़गढ़(वि.सं.)। मादक पदार्थ तस्करों से मिलीभगत कर अवैध अफीम परिवहन करते गिरफ्तार हुआ चित्तौड़गढ़ जिले के एक कांस्टेबल को पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को आदेश जारी कर राज्य सेवा के बर्खास्त किया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि जिला चित्तौड़गढ़ के 2015 बैच में कांस्टेबल पद पर भर्ती श्रीगंगानगर जिले के सोमासर थाना रजियासर निवासी हनुमान पुत्र कानाराम को तस्करों से मिलीभगत कर अफीम परिवहन करते श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ शहर थाने में गिरफ्तार होने से अपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ। अपराध प्रमाणित पाए जाने से गुरुवार को एक आदेश जारी कर राज्य सेवा से बर्खास्त किया है। जानकारी अनुसार कॉन्स्टेबल हनुमान अपने एक अन्य साथी सीताराम के साथ निम्बाहेड़ा क्षेत्र से अफीम लेकर श्रीगंगानगर के लिए रवाना हुआ, जिसे 14 मई,2023 को श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ शहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध अफीम के साथ दबोच कर उनके कब्जे से 3.690 किलोग्राम अफीम जप्त की थी। सूरतगढ़ शहर पुलिस ने कांस्टेबल हनुमान व उसके साथी सीताराम को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 5 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर 20 मई को पुनः न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। कॉन्स्टेबल हनुमान के खिलाफ सूरतगढ़ शहर थाने पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज होने पर 15 मई को पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ ने निलंबित कर दिया था। निलंबन आदेश के पश्चात पुलिस प्राथमिक जांच में कॉन्स्टेबल हनुमान दोषी पाए जाने पर पुलिस जैसे अनुशासित व जिम्मेदार महकमे में पदस्थापित होकर एक लोकसेवक होते हुए अवैध अफीम का परिवहन कर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता पाए जाने पर गुरुवार को राज्य सेवा से बर्खास्त किया गया है।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल-बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com
Monika | Printers

अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

मुख्यमंत्री की जनता को सौगात 3378 करोड़ के सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

केन्द्र सरकार कानून बनाकर दे सामाजिक सुरक्षा

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्रीअशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उत्कृष्ट आधारभूत ढ़ांचा तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछले 4 सालों में 30 हजार करोड़ रुपए लागत की 61 हजार कि.मी. सड़कों का निर्माण हुआ है। साथ ही, 70 हजार कि.मी. सड़कों के निर्माण के लिए 42 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है। इस प्रकार राज्य सरकार 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लगभग 1.30 लाख कि.मी. सड़कों के निर्माण का कार्य कर रही है। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 3377.55 करोड़ रुपए की लागत के 53 सड़कों, आरओबी एवं पुलों के शिलान्यास तथा लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कों के निर्माण से ही क्षेत्र का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राज्य सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज राज्य की सड़कें पड़ोसी राज्यों से बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 4 सालों में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सराहनीय कार्य किया है। समयबद्ध रूप से निविदाएं करवाकर निर्माण कार्यों के कार्यादेश जारी किए गए हैं। साथ ही, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। गुणवत्ता नियंत्रण हेतु 18 आई.क्यू.एम. (इंडिपेन्डेंट क्वालिटी मॉनिटर्स) नियुक्त किए गए हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों को सड़क मार्गों से जोड़ने के लिए मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि राज्य में शानदार वित्तीय प्रबंधन किया गया है। सभी वित्तीय संकेतकों पर राजस्थान का प्रदर्शन उत्कृष्ट है। इसी का परिणाम है कि आमजन को राहत देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा तय किए गए मानकों को पूरा करने तथा अनुमति दिये जाने पर ही राज्य सरकारें ऋण ले सकती हैं। केन्द्र सरकार कानून बनाकर दे सामाजिक सुरक्षा गहलोत ने कहा कि पूर्ववर्ती केन्द्र सरकार द्वारा कानून बनाकर शिक्षा, सूचना, भोजन एवं रोजगार के अधिकार दिए गए हैं। वर्तमान केन्द्र सरकार को भी कानून बनाकर आमजन को सामाजिक सुरक्षा का अधिकार देना चाहिए। इससे वे सम्मानजनक रूप से जीवन यापन कर सकेंगे। राज्य में 1 करोड़ से अधिक बुजुर्गों, निःशक्तजनों, महिलाओं आदि को सामाजिक सुरक्षा के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाएं रेवड़ी ना होकर जनसेवा के कार्य मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन के हित में लाई गई योजनाएं रेवड़ी ना होकर जनसेवा के कार्य हैं।

उद्योग मंत्री की समीक्षा बैठक

उद्योग विभाग प्रदेश में औद्योगिक विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा- उद्योग मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। शकुन्तला रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में उद्योग विभाग प्रदेश में औद्योगिक विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होने सभी जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधकों को महंगाई राहत कैम्प की तर्ज पर जिलेवार कार्यशालाओं का आयोजन करने के निर्देश दिये जिससे कि उद्यमियो को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ मौके पर ही लाभान्वित कर प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ जोड़ा जा सकें। रावत उद्योग भवन में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उद्योग मंत्री ने मुख्यमंत्री की मंशानुरूप विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं को धरातल पर उतार लक्षित वर्ग को अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से महंगाई राहत कैम्पों की तर्ज पर जिलेवार कार्यशालाओ का आयोजन कर उद्यमियो को योजनाओं, ऋण सुविधाओंऔर सब्सिडियों के जानकारी प्रदान कर अधिकतम लाभ दिलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उद्योग विभाग शानदार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान साइन किए गए एमओयू में से 50 प्रतिशत से अधिक धरातल पर है जो कि अन्य राज्यों के लिए प्रेरणादायी है। उद्योग मंत्री ने सभी महाप्रबंधकों को मुख्यमंत्री लघु प्रोत्साहन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना समेत अन्य योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा कर लंबित क्लेम का निस्तारण कर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के सख्त निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त उद्योग ओमप्रकाश कसेरा ने सभी जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधको के साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए।

(कविता) स्वप्न

स्वप्न उजले हैं ये कह रहा है कोई।
उकेरना चाहता है हकीकत कोई।
हकीकत को हकीकत होने
में वक्त लगता है,
आजकल कहाँ ये मानता है कोई।
हम स्वप्न में न जाने क्या- क्या
बन जाते हैं।
अपनी जिंदगी का अन्दाजे
बयां बन जाते हैं।
फिर भी समझ न आया मामला कोई।
हकीकत को हकीकत होने
में वक्त लगता है,
आजकल कहाँ ये मानता है कोई।
स्वप्न उजले हैं और स्याह किस्मत।
कर गयी है बहुत ही तबाह किस्मत।
बहुत गहराई से सोचा
मगर तह न मिला,
क्या इतनी ज्यादे है ?
अथाह किस्मत।
जिंदगी देगी? बुरे दौर का
मुआवजा कोई।
हकीकत को हकीकत होने
में वक्त लगता है,
आजकल कहाँ ये मानता है कोई।
किस्मत से अपने फासले बहुत हैं।
सच कहें तो ऐसे मामले बहुत हैं।
किस्मत जग जा जो सोई है अरसे से,
उसे जगाने को हम उतावले बहुत हैं।
उसे बता दो जगाने को
उतावला है कोई।
हकीकत को हकीकत होने
में वक्त लगता है,
आजकल कहाँ ये मानता है कोई।

-सिद्धार्थ गोरखपुरी

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित
तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा